




हिन्दी मासिक

# माली सैनी सन्देश

जोधपुर

निष्पक्ष, निडर, नीतियुक्त पत्रकारिता

वर्ष : 8 • अंक 104 • 28 फरवरी, 2014 • मूल्य : 150/- वार्षिक





## जोधपुर में महाशिवरात्रि

पर आयोजित विशाल भजन संध्या में उमड़ा समाज

## ॐ नमः शिवाय

## हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



# श्री मेघारामजी परिहार

समाज सेवी एवं निर्यातक

**राजस्थान सरकार द्वारा भदवासिया कृषि उपज मण्डी जोधपुर**

के डायरेक्टर पद पर नियुक्त होने पर
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



शुभेच्छु :
माली सैनी सन्देश परिवार
जोधपुर

## जेडीए पूर्व चैयरमेन श्री राजेन्द्र सोलंकी

**के जन्म दिवस पर बधाई देते समाज बंधु एवं शहर के प्रबुद्ध जन**











RAJHIN 16445/20/1/2013-TC

# माली सैनी सन्देश

● वर्ष : 8 ● अंक 103 ● 28 फरवरी, 2014 ● मूल्य : 150/- वार्षिक


**सम्पादक मण्डल**

**संरक्षक :**



**श्रीमान रमेशचंद्र कच्छवाहा**
(अध्यक्ष, जोधपुर ठेकेदार ऐसोसियेशन)
(अध्यक्ष, माली सैनी समाज सेवा समिति)

**सह संरक्षक:**



**श्री ब्रह्मसिंह चौहान**
(पूर्व पार्षद)

**प्रेस फोटोग्राफर**

**जगदीश देवड़ा**
(रितू स्टूडियों मो. 94149 14846)

**मार्केटिंग इंचार्ज**

**रामेश्वर गहलोत**
(मो. 94146 02415)

**कम्प्यूटर**

**इरशाद ग्राफिक्स, जोधपुर**
(मो. 7737651040)

पत्रिका में प्रकाशित विचार लेखकों के स्वयं के विचार है। किसी भी विचार के साथ सम्पादकीय सहमति का होना आवश्यक नहीं है। सभी प्रसंगों का न्यायिक क्षेत्र जोधपुर ही होगा।


## इस अंक में

**आवरण कथा**

## पोकरण में माली समाज के अराध्य संत श्री लिखमीदासजी महाराज की मूर्ति की चोरी से समाज में भारी रोष


श्री कृपराम देवड़ा फिर से बनें नागौर माली समाज के अध्यक्ष

शिक्षा से ही समाज का उत्थान संभव - श्री भंवरलाल माली

माली समाज जिला जालोर प्रतिभा सम्मान समारोह का भव्य आयोजनस

माली सैनी समाज के चुनाव निर्विरोध संपन्न

पहली बार भाजपाई सभापति सभापति उपचुनाव में जीती राजेश्वरी सैनी

मुंबई में माली समाज का महासम्मेलन 30 मार्च, 2014 को

शिक्षा विकास की धुरी

स्टेपलर पिन का यूनीक टाईटेनिक मॉडल

पावटा सब्जी मण्डी जोधपुर के नवनिर्वाचित पदाधिकारी

मूर्ति चुराने के आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग

विविध समाचार

# सम्पादक की कलम से ...



# अभियान – एक अभिशाप है



**मनीष गहलोत**
प्रधान सम्पादक

मानव, क्रोध, मद मोह, लोभ, अहंकार, राग, द्वेष में से किसी न किसी प्रवृत्ति में लिप्त पाया जाता है। यद्यपि उसे ज्ञान है कि ये प्रवृत्तियाँ आसुरी है। इन सभी प्रवृत्तियों को जड़'' अभियान'' है। सभी इन आसुरी प्रवृत्तियों का राजा अभिमान है। परन्तु अभियान अस्थायी होता हैं।

अभिमान चाहे पद का हो, धन का, बल का, यौवन, संतान, विद्वता का, सुन्दरता का या सम्पत्ति का हो ये अंत: दुख के हेतु होते है। कहा जाता है–''प्रभुता पाति का हूँ मद ना ही'' पद पाकर वह अभिमानी हो जाता है यही दश अन्य प्रवृतियाँ का है। यदि मानव सुख और शान्ति चाहता है तो उसे इस ''अभिमान'' से मुक्ति लेनी होगी।

किसी ने ठीक ही कहा है–

''यहाँ बड़े–बड़े महाराज हुए, विद्वान हुए, बलवानी हुए, धनवान हुए जिनके बजते थे रात–दिन बाजे । वे भी बने काल के खाजे।''

इतिहास साक्षी है, रावण, कंस, कौरव, हिरण्यकश्यपु, सिकन्दर आदि अनेक अभिमानियों को अभिमान चूर होते देखा गया। अत: किसी प्रकार का अभियान मन–मस्तिक में लाना अभिशाप है।

गीत का सार है– तुम क्या लाये थे जो तुमने खो दिया ? तुमने क्या पैदा किया जाते नष्ट हो गया ? जो लिया यहीं से लिया, खाली हाथ आये थे, खाली हाथ पसारे जावेगे। जो आज तुम्हारे पास है वह किसी और का था आज कल किसी और का हो जाएगा। संसार परिवर्तनशील है। जीवन में सदा निरभिमान रहो–

हम आरती में कहते तो है– ''तेरा तुझ को अर्पण, क्या लागे मेरा'' यह मात्र उच्चारण हेतु है, यथार्थ कुछ और है। तुलना करो अपनी उन लखपतियों, करोड़पतियों से वे तुझसे कितने बड़े है। फिर तुलना करो, उन निर्धनों से जो दो जून की रोटी भी नहीं कमा पाते। उनके धन, ज्ञान, संपत्ति आदि से अपना स्थान ढूंढो क्यों तुलना करते हो, बड़े या छोटे से। ये तुलना आसुरी प्रवृत्तियों से जुड़ी हुई है। इससे अभिमान मन में आ जाता है। जो मिला है विधाता की देन है, तुम किससे अमीर हो और किससे गरीब हो, इस षडयंत्र को छोड़, संतोष से जीवन व्यतीत करो।

इसी प्रकार कभी मान–सम्मान, वाह वाही से विचलित मत होवो, सदा साम्यावस्था में रो। घर में भी परिवार, या समाज में कौन बड़ा या छोटा है। आप निर्भिमान होकर जीओ। उक्त किसी भी दशा में अभिमान नहीं करो। कल किसने देखा है। परिवर्तन संसार का नियम है। अभिमान रूपी अभिशाप से दूर रहो, इसी में मानव कल्याण निहित है।

**जय माली सैनी समाज**

## समाज के विभिन्न संगठनों ने देश भर में जताया रोष

# पोकरण में माली समाज के अराध्य संत श्री लिखमीदास जी महाराज की मूर्ति की चोरी से समाज में भारी रोष

## 7 दिन बाद लावारिश मिली संत लिखमीदास जी की मूर्ति



पोकरण (आंचलिक) स्थाईनाथ धूर्ण में स्थापित पिछले कई वर्षो से संत लिखमीदास व स्थाईनाथ महाराज की मूर्तियों की चोरी को लेकर क्षेत्र के माली समाज ने बुधवार 13 फरवरी, 2014 को जुलूस निकालकर पुलिस प्रशासन स्थानीय प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस अवसर पर सैकड़ो की संख्या में माली समाज के लोग उपस्थित थे।

बैठक के अवसर पर पूर्व जल संसाधन मंत्री राजेन्द्र गहलोत ने कहा कि प्रशासन द्वारा अभी तक चोरो को गिरफ्तार नहीं किया गया है तथा प्रशासन द्वारा इस और ध्यान नहीं देने के कारण चोरों के हौसलें बुलंद होते जा रही है। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन मूर्ति चोरों को गिरफ्तार नहीं किय गया होतो उपखंड क्षेत्र माली समाज उग्र आंदोलन करने के लिए उतारू होगे। इसी प्रकार पार्षद खेताराम माली ने बताया कि स्थाईनाथ में महंत द्वारा पिछले 6 माह से 9 फरवरी 2014 को आया था। उसी दिन आनन फानन में भजन संध्या की आड में धूणे स्थापित दो मूर्तियो को चुराकर धूणे से फरार हो गया।

इसी प्रकार माली विकास संस्थान के अध्यक्ष हंसराज माली ने इस धूणे को नींव माली समाज द्वारा आज से लगभग 30 वर्ष पूर्व माली समजा के मार्गदर्शक शिक्षा जागृति लाने वाले एवं समाज सुधारक संत लिखमीदास की मूर्ति स्थापित की थी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा वर्ष 1998 में कराए गये कच्ची बस्ती सर्वे में भी यह धूणा माली समाज पोकरण के नाम से दर्ज है। उन्होंने बताया कि पटवारी द्वारा 7 जनवरी 2010 को धार्मिक स्थलों की सूची में भी उक्त धूणा माली समाज पोकरण के नाम से दर्ज है। बैठक संबोधित करते हुए मोहनलाल ने बताया कि स्थाईनाथ देह त्यागने पर समाज के मौजीज लोगों द्वारा ही धूणे में समाधि दी गई थी। उन्होंने बताया कि धूणे की जमीन पर समाज के लोगों से ही चंदा करके पक्का धूणा व पानी का टांका बनाया गया था। जिसे लगभग 25 वर्ष हो चुके है। यह धूणा समजा की आस्था तथा संत लिखमीदास द्वारा समाज सुधार के लिए दिए गए प्रवचनों का प्रतीक है।

**इन्होंने भी किया संबोधित**

बैठक के अवसर सर्वश्री कंवरलाल, जगमाल, अम्बालाल, किसनलाल, नारायणलाल, सोनाराम, लाधाराम, लाभूराम, कोजाराम, जगदीश सोलंकी, आसुलाल सोलंकी, मांगीलाल गहलोत, रमेश माली, कैलाश मिस्त्री, कमल भाटी, रामसा माली, भूरसा सोलंकी, श्यामलाल पंवार, पप्पूलाल ठेकेदार, इंछालाल, छगनलाल, रमणलाल, दमोदर, मोहनलाल, मांगीलाल गहलोत, टीकम, गोरधन, हेमाराम, नखताराम, केसराराम, हुकमीचंदी, नारायण, अमृलाल, लाभूराम, दूलीचंदी, नेमीचंद, तेजमाल सांखला, ओकारमल, रमेश कुमार, प्रेमकुमार, भगाराम दुर्गाराम, बुधाराम, नटवरलाल सहिज अनेक समाज बंधुओं ने सबोधित किया।

**एसडीएक को सौंपा ज्ञापन**

संत लिखमीदास सेवा संस्थान व माली सैनी विकास संस्थान के तत्वाधान में बुधवार को सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित होकर एसडीएम सी.एम. वर्मा को ज्ञापन प्रस्तुत किया। सैकड़ों की संख्या में उपस्थित लोगों द्वारा जुलूस के रूप में नारे लगाते हुए स्थाईनाथ में बागवानी का बास, दाऊबास, कोरियाबास होते हुए एसडीएम को समस्याओं के संबंध में ज्ञापन प्रस्तुत किया। एसडीएम से मांग की है। तत्काल मूर्ति चोरी करने वाले गिरोह को खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की। ज्ञापन के अवसर पर रामसिंह, प्रकाशगिरी, मगराज,

कोजाराम, नारायण गहलोत, बाबूलाल, अशोक, श्रवणकुमार, हरीश, भगवानाराम, माणकलाल, कमलकिशेर भाटी, गणेश कुमार, जसराजमल, मूलाराम, हंसराज सोलंकी, सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

**सैनी समाज ने जताया रोष**



सिरोही में समाज के विभिन्न वर्गो ने संत श्री लिखमीदास जी महाराज की मूर्ति की चोरी के विरोध में प्रशासन को ज्ञापन देकर विरोध व्यक्त किया। श्री रघुभाई माली के नेतृत्व में समाज के प्रबुद्ध वर्गो ने ज्ञापन देकर विरोध जताया तथा जल्द से जल्द मूर्ति को बरामद करने तथा दोषियों के खिलाफ कार्यवाही करने की बात कही।

सैनी समाज सभा भवन में राष्ट्रीय सैनी संगठन की बैठक हुई। जिसमें उपस्थित कार्यकर्ताओं ने जैसलमेर के पोकरण में संत लिखमीदास आश्रम से संत लिखमीदास की प्रतिमा तोड़ने के मामले को लेकर गहरा रोष प्रकट करते हुए सरकार से आरोपियों को तुरंत गिरफ्तार करने की मांग की। संगठन के प्रदेशाध्यक्ष हनुमासन सिंह सैनी व जिला अध्यक्ष बाबूलाल सैनी ने बताया कि संगठन की ओर से आरोपियों की मांग को लेकर सोमवार को एसडीएम को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। उन्होंने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तार नहीं होने पर समाज की ओर से आंदोलन भी किया जाएगा।


**मूर्ति खंडित करने पर माली समाज में रोष**

बालेसर माली समाज ने पोकरण में संत शिरोमणी लिखमीदास महाराज की मूर्ति असामाजिक तत्वों द्वारा खंडित किये जाने को लेकर माली समाज और अन्य हिन्दूवादी संगठनों में रोष व्याप्त है। उन्होंने इसको लेकर कड़ा एतराज जताते हुए दोषियों के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम बालेसर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा।

गौरतलब है कि 09 फरवरी की रात्रि में कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा पोकरण में माली समाज के आराध्य देव संत शिरोमणी श्री लिखमीदास मिहाराज को प्रतिमा को खंडित कर दिया। बुधवार को माली समाज के पदाधिकारियों, विश्व हिन्दू परिषद के पदाधिकारियों और संत महात्माओं ने बालेसर तहसीलदार श्यामसुन्दरसिंह को ज्ञापन सौंपा। इस मौक संत रामरतनजी, प्रमोद जैन, सवाईसिंह, पुखराजसिंह, मुकेश सांखला, लोकेश त्रिवेदी सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## लावारिश मिली संत लिखमीदास की मूर्ति

स्थाईनाथ धूर्ण में गत 9 फरवरी को हुई मुर्तियों की चोरी के संबंध





में रविवार के उरमूल समिति के पूल के पास संत लिखमीदास की मूर्ति लावारिश हालात में मिली। पुल के नीचे मिली मूर्ति की सूचना स्थानीय लोगों ने पुलिस को दी। जिस पर पुलिस मौके पर पहुंची तथा संत लिखमीदास की प्रतिमा को अपने कब्जे में लिया। पुलिस द्वारा मौके की जांच करने के बाद भी वहां पर स्थाईनाथ महाराज की प्रतिमा का कोई पता नहीं लग पाया। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची मौके पर: उरमूल समिति के पास स्थित पुल के नीचे संत लिखमीदास की प्रतिमा रविवार को कचरे में लावारिश हालत में मिली। पुलिस ने मौके पर रिपोर्ट तैयार की। पुल के नीचे पड़ी प्रतिमा की सूचना स्थानीय लोगों द्वारा थानाधिकारी प्रेमदान रतन को दी गई। जिस पर पोकरण थानाधिकारी प्रेमदार रतनू सहित पूलिस बल मौंके पर पहुंचा। साथ ही उन्होंने मूर्ति को अपने कब्जे में ले लिया। मौके पर माली विकास संस्थान के अध्यक्ष हंसराज माली, संत लिखमीदास सेवा संस्थान क अध्यक्ष खेताराम माली, सेवा संस्थान में सचिव नेमीचंद सोलंकी, ओमप्रकाश माली सहित कई लोग उपस्थित थे।

## माली समाज के चुनावों दिखा उत्साह, मतदान को उमड़े समाज के लोग

# श्री कृपराम देवड़ा फिर से बनें नागौर माली समाज के अध्यक्ष



## समाज विकास को देंगे गति: श्री देवड़ा

नागौर। सैनिक क्षत्रिय माली समाज तीनों न्यात के सामाजिक चुनाव में16 फरवरी, 2014 रविवार देर रात अध्यक्ष पद के परिणाम जारी किए गए। देर रात तक चली मतगणना के बाद निर्वाचन अधिकारी ने परिणाम घोषित किया। निर्वाचन अधिकारी श्री भंवरलाल टाक ने बताया कि श्री कृपाराम देवड़ा को 1592 वोट मिले। वही प्रतिद्वंद्वी श्री हीरालाल कच्छावा को 1304 वोट मिले। मतगणना के बाद श्री कृपाराम देवड़ा को 288 वोटो से विजेता घोषित किया।

श्री कृपाराम देवड़ा के अध्यक्ष बनने पर उनके समर्थकों ने पटाखे फोड़कर खुशियां मनाई निर्वाचन अधिकारी टाक ने बताया कि रविवार को हुए सामाजिक चुनाव में लोगों मे काफी उत्साह रहा और शांतिपूर्ण रूप से मतदान संपन्न हुआ। मतदान के बाद रविवार रात को ही मतों की गणना शुरू हुई और पौने ग्यारह बजे परिणाम आ गया। चुनाव अधिकारी ने बताया कि बाकी सदस्यों के परिणाम देर रात तक आएंगे।

सैनिक क्षत्रिय माली समाज के दुबारा अध्यक्ष निर्वाचित हुए श्री कृपाराम देवड़ा ने कहा कि समाज के विकास को गति देने का काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि समाज के लोगों ने उन पर दुबारा भरोसा जताया है और इस भरोसे को वे हमेशा कायम रखेगे। उन्होंने कहा कि समाज के उपरोत्तर प्रगति, युवाओं के लिए शिक्षा के क्षेत्र में कार्य करना व समाज क सर्वागिंण विकास के लिए सबको साथ लेकर योजना बनाएंगे। श्री देवड़ा ने दुबारा अध्यक्ष निर्वाचित होने पर समाज क लोगों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

### देवड़ा के खेमें खुशी, छोड़ पटाखे

चुनाव में श्री कृपाराम देवड़ा के दुबारा अध्यक्ष निर्वाचित होने की घोषणा के साथ ही डीड़वाना रोड पर उत्साह को माहौल देखा गया। सैनिक क्षत्रिय माली समाज संस्थान के आस पास देवड़ा समर्थकों ने डीजे की धुन पर नाच गाकर खुशी का इजहार किया। इस दौरान उत्साहित युवकों ने पटाखे छोड़कर जीत का जश्न मनाया।

### सैनिक क्षत्रिय माली समाज के चुनाव में दिखा उत्साह मतदान के उमड़े लोग

सैनिक क्षत्रिय माली संस्थान चुनाव 2014 रविवार को सम्पन्न हुए। अध्यक्ष सहित अन्य पदों के लिए रविवार सुबह नौ से पांच बजे तक वोटिंग हुई। निर्वाचित अधिकारी श्री भंवरलाल टाक ने बताया कि चुनाव में कुल तीन हजार 771 वोटर थे। इनमें से तीन हजार 45 लोगों ने मतदान किया। मतदान के दौरान लोगों में जबरदस्त उत्साह था। वोट डालने के लिए लोगों की लंबी-लंबी कतारे लगी हुई थी। माली समाज संस्थान तीनों न्यात के चुनाव के दौरान व्यापक इंतजाम किए गए थे। पुलिस जाप्ता भी मौंके पर तैनात था तो वहीं समाज स्तर पर भी पेयजल, छांव की व्यवस्थाएं की गई थी।

### दिनभर रौनक, दिखा उत्साह

चुनाव को लेकर माली समाज के लोगों में जबरदस्त उत्साह देखा गया। सुबह से ही लोग माली समाज संस्थान के आगे एकत्र हो गए। वही उम्मीदवार भी अपने वाले लोगों से उनके समर्थन में वोट डालने की अपील कर रहे थे। कई बुजुर्ग लोग भी मतदान किया। परिवार के लोग उन्हें वाहनों से लेकर आए व सहारा देकर वोट डलवाएं।

### मतगणना के दूसरे दिन 20 सदस्य निर्वाचित

सैनिक क्षत्रिय माली संस्थान के अध्यक्ष व कार्यकारिणी सदस्यों के चुनाव के बाद मंगलवार को भी मतगणना जारी रही। मंगलवार को परिणाम जारी किए गये।

चुनाव अधिकारी श्री भंवरलाल टाक ने बताया कि मतगणना 5 टेबलों पर 5 चरणों में की गई जो 16 व 17 फरवरी की रात्रि से लेकर 18 फरवरी को सुबह 6.30 बजे तक चली। सभी 34 सदस्यों को मिले मतों की घोषणा सुबह मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने की। चुनाव परिणाम के अनुसार श्री मेहराम सांखला, श्री ओमप्रकाश सांखला, श्री तुलछीराम सांखला, श्री रामचंद्र सांखला, श्री टीकमचंद सांखला, श्री देवीकिशन सोलंकी, श्री मूलचंद सांखला, श्री रामनिवास सांखला, श्री लक्ष्मीनाराण टाक, श्री रामबक्श गहलोत, श्री महेन्द्र भाटी, श्री ललित भाटी, श्री बालकिशन भाटी, श्री शंकरलाल टाक, श्री विजयसिंह सांखला, श्री रामजस भाटी, श्री अर्जुनराम कच्छवाहा, श्री फूलचंद सांखला। यह सभी उम्मीदवार


**ओप्रकाश सांखला**
उपाध्यक्ष


**रामनिवास सांखला**
मंत्री


**रामचन्द्र सांखला**
सहमंत्री


**तुलसीदास सांखला**
कोषाध्यक्ष

निर्वाचित घोषित किए गए। कार्यकारिणी के निर्वाचित 20 सदस्यों में से अध्यक्ष द्वारा संविधान के अनुसार उपाध्यक्ष, मंत्री, सचिव, कोषाध्यक्ष का चयन किया जाएगा।

**श्री ओमप्रकाश सांखला उपाध्यक्ष, राजेन्द्र पंवार मंत्री बनें–**

त्रैवार्षिक चुनावों के बाद पदाधिकारियों के चुनावों गुरूवार 20 फरवरी को संपन्न हुए। जिसमें श्री ओमप्रकाश सांखला ने देविकिशन सोलंकी को 5 मतों से पराजित कर उपाध्यक्ष पद पर विजयश्री प्राप्त की। सहायक निर्वाचन अधिकारी श्री राजेन्द्र पंवार ने बताया कि मंत्री पद के लिए रामनिवास सांखला, सहमंत्री पद के लिए रामचंद्र सांखला व कोषाध्यक्ष पद के लिए तुलसीराम सांखला को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। कार्यकारिणी पद के चुनाव में सभी नव निर्वाचित 20 सदस्यों व अध्यक्ष ने भाग लिया।


माली सैनी संदेश परिवार सभी निर्वाचित पदाधिकारियों को हार्दिक बधाई प्रेषित करते हुए उनके नेतृत्व में समाज के सर्वागिण विकास की मंगलकामना करता है।

# शिक्षा से ही समाज का उत्थान संभव - श्री भंवरलाल माली

दूनी। टोंक के दूनी कस्बे में रविवार, 23 फरवरी, 2014 को आयोजित अखिल भारतीय धींवर माली समाज सेवा संस्थान के तत्वावधान में तहसील स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह व नवगढ़ित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित हुआ। समाज के प्रदेशाध्यक्ष श्री भंवरलाल धोलस्या ने कहा कि शिक्षा से ही समाज का उत्थान संभव है।

समारोह में 8वीं के 46, दसवीं के 20, बारहवीं के 15, स्तानक एवं डिप्लोमधारी 16 विद्याथियों के अलावा समाज के 4 पत्रकारों, 10 जनप्रतिनिधियों एवं 25 सेवानिवृत कर्मचारियों, 20 सेवारत कर्मचारियों का सम्मान किया गया। टोंक जिलाध्यक्ष श्री प्रहलाद ने समाज की वेबसाईट मालीवर्ल्ड डॉट कॉम पर प्रकाश डाला । कार्यक्रम में धीवर माली समाज के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री भंवरलाल धोलस्या, भाजयुमो के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य श्री मनीष सैनी, समाज के प्रदेश सचिव श्री भगवान हिण्डोलिया, प्रदेश महामंत्री श्री सीताराम सैनी, प्रदेश उपाध्यक्ष श्री नटवरलाल, प्रदेश ऑडिटर श्री दुर्गाशंकर, टौंक जिलाध्यक्ष श्री प्रहलाद माली, उदयपुर जिला अध्यक्ष श्री नाथुलाल माली, जिला संयोजक श्री नाथुलाल माली, छोकला सचिव श्री शंकरलाल, चित्तोड़गढ़ जिला कार्यकारिणी सदस्य श्री मोहनलाल, माली लहर पत्रिका के प्रादेशिक संवाददाता श्री हर्वेश सैनी, तहसील अध्यक्ष श्री गोपाल, श्री हंसलाल, श्रभ् रामलाल सहित समाज के सैकड़ों समाज बंधु उपस्थि थे।





# माली समाज जिला जालोर

# प्रतिभा सम्मान समारोह का भव्य आयोजन

## 9 फरवरी 2014






**भीनमाल।** शहर के क्षेमंकरी माता मंदिर तहलटी माली समाज भवन में रविवार को संत श्री लिखमीदास सेवा संस्थान के तत्वावधान में माली समाज का जिला स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह महात्मा ज्योति बॉ फूले जागृति मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोतीबाबा फूले व जोधपुर रेल्वे के यातायात प्रबंधक मुकेश सैनी के मुख्य अतिथि में सम्पन्न हुआ। समारोह का आगाज अतिथियों ने संत श्री लिखमीदास महाराज, महात्मा ज्योति बॉ फूले, सावित्री बाई फूले व माँ क्षेमंकरी की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्जवलन कर किया। कार्यक्रम में भारती ज्ञान मंदिर की छात्राओं की ओर से स्वागत गीत व सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में जिलेभर से माली समाज के 452 प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को पुरस्कार, प्रशस्ती-पत्र व मेड़ल प्रदान कर सम्मानित किया गया। समारोह को सम्बोधित करते हुए महात्मा ज्योति बॉ फूले जागृति मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोती बाबा फूले ने कहा कि प्रतिभाओं व भामाशाहों का सम्मान समारोह की सार्थकता जब साबित होगी, जब हम समाजहित में अपने कर्त्तव्यों को निभाते हुए अपनी माताओं, बहनों व बालिकाओं को पूर्ण शिक्षित कर उनका भविष्य निर्माण करेंगे। मुख्य अतिथि जोधपुर रेल्वे के यातायात प्रबंधक मुकेश सैनी ने कहा कि वर्तमान प्रतिस्पर्द्धा के समय में समाज में उच्च शिक्षा की महत्ती आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि कड़ी मेहनत से विद्यार्थी जीवन में सफलता प्राप्त की जा सकती है। सैनी ने कहा कि छात्र जीवन में अपनी कमियों को नहीं छुपाएं, बल्कि कमीयों को दूर करने के लिए प्रयासरत रहे। उन्होंने प्रतिभावान सम्मान समारोह आयोजित करने के लिए लिखमीदास सेवा संस्थान की सराहना की। उन्होंने उपस्थित महिलाओं को बालकों में संस्कारों का बीजारोपण कर संर्घषशील बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डीआरडीए के वैज्ञानिक लोकेश सैनी ने कहा कि प्रतिभाओं का सम्मान होने से प्रतिभाओं को प्रोत्साहन मिलेगा। उन्होंने कहा कि समाज में तकनीकी, विज्ञान प्रौद्योगिकी की शिक्षा की काफी कमी है। उन्होंने विद्यार्थियों को जीवन में ईमानदारी से लक्ष्य निर्धारित कर लक्ष्य प्राप्त करने का आह्वान किया। रानी (पाली) तहसीलदार श्री विसनाराम देवड़ा ने बताया कि प्रतिभाओं का सम्मान करने से समाज में शिक्षा का उजीयारा होगा जिससे प्रतिभाओं को तरासने का मौका मिलेगा बालक-बालिकाओं को अपने लक्ष्य के प्रति सजग रहकर शिक्षा में ध्यान बढ़ाना चाहिए।

प्रवक्ता बाबुलाल देवड़ा ने कहा कि समाज में शिक्षा के पिछड़ेपन को दूर करने की महत्ती आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि शिक्षा से ही समाज व राष्ट्र का विकास संभव है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी दृष्टि को व्यापक रखते हुए शिक्षा प्राप्त कर खुद को साबित करे। सहायक अभियंता भरत देवड़ा ने समाज में शिक्षा को बढ़ावा देने व समाज में व्यसन मुक्ति पर बल दिया। समारोह को वाणिज्यकार के सहायक आयुक्त महेन्द्र सोलंकी ने समाज में एकता का वातावरण बनाने पर जोर देते हुए कहा कि शिक्षा ही जीवन का आधार है। समारोह में जयपुर से आई ललिता सैनी ने कहा कि हमे प्रथम शिक्षिका सावित्री बाई फूले के पदचिह्नों पर चलते हुए न केवल अपने समाज को बल्कि सभी को शिक्षित करने का संकल्प लेना होगा। उन्होंने कहा कि महिलाओं को अपना हक पाने के लिए इंतजार नहीं करना होगा, बल्कि हक मांगने के लिए अपना हक अधिकार पूर्वक लेना होगा। श्री पुरुषोत्तम सोलंकी बाड़मेर ने कहा कि समाज को राजनीति में अपने लोगों को सहयोग कर उन्हें आगे बढ़ाना होगा। तभी समाज राजनीतिक क्षेत्र में सुदृढ़ होगा। उन्होंने कहा कि समाज में पार्टी स्तर से ऊपर उठकर जाति के लोगों को सहयोग करना आवश्यक है। व्याख्याता मुकेश सोलंकी ने कहा कि हमारा समाज तभी आगे बढ़ेगा जब बालक-बालिकाओं अच्छी शिक्षा ग्रहण कर समाज का नाम ऊंचा करेंगे। उन्होंने कहा कि आज हमारे समाज में से आईएएस, आईपीएस और अन्य प्रशासनिक सेवाओं में उच्च पदों पर समाज के व्यक्ति आसीन हो। इसलिए हमे शिक्षा के क्षेत्र में और जोर देना होगा। समारोह में लोहा संग्रहण समिति के जिला अध्यक्ष भभूताराम सोलंकी ने कहा कि समाज हमेशा अपने व्यक्ति आगे बढ़ाने में अग्रणी रहता है यह कार्यक्रम भी प्रतिभाओं, भामाशाहों का सम्मान कर अपना ऋण उतार रहे है। सोलंकी ने कहा कि पूरे प्रदेश में ही नहीं बल्कि पूरे देश में समाज अग्रणी हो। सीता देवी सुंदेशा ने अपनी बेटियों को स्कूल भेजों गीत की प्रस्तुति देकर समाज में बालिका शिक्षा पर बल दिया। सीता सुन्देशा ने गीतों के माध्यम से बताई शिक्षा की महत्ता-जालोर निवासी

प्रधानाध्यापिका श्रीमति सीता देवी सुन्देशा ने समारोह में शिक्षा की आवश्यकता उसकी महत्ता व बालिकाओं को विद्यालय भेजने की नसीहत देते अपनी मधुर आवाज में शानदार गीत प्रस्तुति दी।

सीता सुन्देशा ने दूसरों के अवगुणों को देखने की बजाय स्वयं में सद्गुणों को विकसित करने की बात कही उन्होंने कहा कि चेहरा ही व्यक्ति की असली पहचान है। तो घूंघट क्यों निकाले जाए? घुंघट प्रथा के प्रति उन्होंने जमकर विरोध जताते हुए सम्मेलन में उपस्थित महिलाओं से घूंघट उतारकर बैठने को कहा।

समारोह में नगर परिषद आयुक्त शंकरलाल गहलोत ने सामाजिक स्थिति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से संगठन की आधारशीला मजबूत होती है प्रतिभाओं को प्रोत्साहन व भामाशाह का सम्मान देने के लिए आयोजनों का यह प्रयास सराहनीय है। हर व्यक्ति को सफलता के मुकाम तक पहुंचने के लिए संकल्प परिश्रम व आत्म विश्वास के साथ कार्य करना होगा। गहलोत ने भावी पीढ़ी की वर्तमान स्थिति के बारे में बताया। रानी तहसीलदार विसनाराम देवड़ा ने कहा कि प्रतिभाओं का सम्मान करने से समाज में शिक्षा के प्रति युवाओं का रूझान बढ़ेगा। प्रतिभा सम्मान समारोह से प्रतिभाओं को तरासने का मौका मिलेगा। बालक-बालिकाओं को अपने लक्ष्य की प्रति सजग रहकर शिक्षा में ध्यान बढ़ाना होगा। समाज में शिक्षा का स्तर सुधारने व सामाजिक कुरीतियों को त्याग कर सुदृढ़ समाज निर्माण को लेकर समारोह में विचार-मंथन हुआ। समारोह में रायपुरिया बैंक ऑफ इंडिया के कृषि अधिकारी रमेश कुमार सोलंकी, विमान अनुरक्षण अभियंता चैन्नई जयंतिलाल सोलंकी, सांचौर नगरपालिका के उपाध्यक्ष गंगाराम परमार, कोल्हापुर के भामाशाह रूपचंद परमार, उम्मेदाबाद के डॉ. हंसाराम सोलंकी, जालोर के सुरेन्द्र परमार, जालोर से लेखाकार दिनेश सोलंकी, जालोर से डॉ. लाकेश सैनी, मुम्बई के इंजीनियर दिलीप कुमार सोलंकी, देवाराम परमार नैलूर, वालाराम सुंदेशा मैसुर, महात्मा ज्योति बॉ फूले के प्रदेश सचिव नाथू सोलंकी, बाबूलाल परमार, बाबुलाल आर परमार, बाबुलाल सुंदेशा, कस्तुराराम सुंदेशा, चुन्नीलाल सांखला, भभूताराम परमार, लालाराम परमार, दुर्गाराम सोलंकी, मूलाराम सांखला, टाईगर फोर्स के अध्यक्ष दिनेश सुन्देशा, माली छात्रसंघ के अध्यक्ष कैलाश सांखला, दीपाराम सांखला, भलाराम सुंदेशा, छोगाराम सुंदेशा, लीलाराम गहलोत, मोहनलाल सुंदेशा, पारसमल सुंदेशा, पुखराज गहलोत, बाबूलाल परिहार, मांगीलाल परमार, कालूराम परमार, तेजाराम सांखला, कलाराम सुंदेशा, राजकुमार, राजमल सुंदेशा, उम्मेदमल परमार, हीरालाल सोलंकी, हनुमानाराम सोलंकी, छगनलाल परमार, जुगराज परमार, रमेश कुमार सुंदेशा, सोरम देवी सोलंकी उम्मेदाबाद, मीना देवी गहलोत सहित जिलेभर से बड़ी संख्या में माली समाज के लोग मौजूद थे।

**भामाशाहो का सम्मानः-**

कार्यक्रम में भामाशाहों का बहुमान किया गया। सम्मानित होने वाले भामाशाह में वो व्यक्ति थे जिन्होंने इस वर्ष प्रतिभा सम्मान समारोह में सहयोग प्रदान किया। श्री बाबूलाल भेराजी परमार भीनमाल, श्री रूपचन्द, श्री धनराज, श्री फूलचंद पुत्रश्री उकाजी मण्डोरा परिहार चान्दुर हाल कोल्हापुर, श्री बाबराराम जी भूराजी परमार भीनमाल, श्री रणछोडरामजी रूपाजी परमार भीनमाल, वचनाराम जी दीपाजी सुन्देशा भीनमाल, श्री चुन्नीलालजी हरकाजी साँखला भीनमाल, श्री कलाराम जी दयाराम जी सुन्देशा करावडी हाल भीनमाल, श्री ओखारामजी प्रागाजी गहलोत भीनमाल मुम्बई, श्री प्रतापाराम जी हीराजी सोलंकी दासपा हाल मैसुर, श्री मंगलाराम जी हीराजी सोलंकी दासपा हाल मैसुर, श्री वचनाराम जी, छगनारामजी पुत्र श्री जूठाजी सुन्देशा धानसा, हाल करीम नगर-पैदापल्ली, श्री पदमाराम जी मादाजी सोलंकी पोषाणा हाल इरोड, श्री फूलचंद जी कपूराजी सुन्देशा भीनमाल हाल कराड, श्री मांगीलाल जी सवाजी परमार नरता हाल कुडाल, श्री किस्तुरमल जी खुमाजी सोलंकी भीनमाल, श्री शिवलाल जी मांगीलालजी पुत्रश्री वीठाजी परमार भीनमाल, श्री वागारामजी मगाजी सुन्देशा भीनमाल हाल अहमदाबाद, श्री पुखराज प्रतापजी गहलोत अदेपुरा हाल भीनमाल, श्री भीमाराम जी भूराजी साँखला तीलोडा हाल भीनमाल, श्री बाबूलाल जी चेलाजी सुन्देशा भीनमाल, श्री गिरधारीलाल जी चेलाजी सुन्देशा भीनमाल हाल कोम्बाकोणम, श्री पारसमलजी धन्नाजी साँखला भीनमाल नास्ते की व्यवस्था, श्री बाबूलालजी मोतीलाल जी परिहार भीनमाल फिल्टर पानी व्यवस्थान श्री भूराराम जी भारताजी सुन्देशा भीनमाल आने जाने के लिए बस व्यवस्था श्रीमति पदमा प्रेमसिंह जी गहलोत भीनमाल की तरफ से की गई है।

**इनका भी है कार्यक्रम में सहयोगः-**

देवारामजी नाथाजी परमार उम्मेदाबाद, हाल नेलूर, डा. हंसारामजी वेलाजी सोलंकी उम्मेदाबाद, पोलाजी दरगाजी परिहार तिलोडा, श्रीमति सोरमदेवी धर्मपत्नी डॉ. हंसारामजी सोलंकी उम्मेदाबाद, मालारामजी दीपाजी सोलंकी उम्मेदाबाद, छोगालालजी सोनाजी सुन्देशा भीनमाल इन्हें महानुभावों ने भी दिया कार्यक्रम में सहयोग।

समारोह में मैरिट में आने वाले प्रतिभाओं के नाम हडमताराम डुँगरारामजी साँखला सांचोर, ओमप्रकाश दलारामजी गहलोत भीनमाल, श्रवण कुमार हंजारामजी सुन्देशा जालोर, महेन्द्र कुमार डायारामजी गहलोत घासेडी जयंतिलाल गजारामजी परिहार भीनमाल, चेतनकुमार जगदीश जी सोलंकी भीनमाल, भावनाकुमारी बगदारामजी गहलोत भीनमाल, सरोज कुमारी पुखराजजी सोलंकी जालोर, गीता कुमारी चीनारामजी सुन्देशा जसंवतपुरा।




**श्री भीकसिंहजी गहलोत**

राजस्थान पेंशनर समाज
पावटा उप शाखा
के अध्यक्ष बनने पर
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

शुभेच्छु :
**रमेश देवड़ा**
जिलाध्यक्ष पेंशनर समाज जोधपुर

### श्री भगवान सिंह परिहार बनें अध्यक्ष

# माली सैनी समाज के चुनाव निर्विरोध संपन्न

जैसलमेर जिला माली सैनी समाज विकास संस्थान के चुनाव शनिवार को संपन्न हुएं समाज का अध्यक्ष सर्व सहमति से भगवानसिंह परिहार को चुना गया। पूर्व अध्यक्ष प्रेमराज पंवार ने बताया कि समाज के मौजिज लोगों द्वारा लिए गए निर्णय के अनुसार चुनाव सर्व सहमति से करवाए गए। 26 जनवरी को माली समाज की बैठक आयोजित कर निर्विरोध चुनाव संपन्न करवाने के प्रयास किए गए थे जो असफल रहे। उसके बाद पूर्ववर्ती प्रक्रिया को आधार मानकर 1 फरवरी को अध्यक्ष पद के लिए नामांकन वितरित किए गए। जिसमें मदनलाल कच्छावा, अमृतलाल, भगवानसिंह परिहार व कलयाण राम पंवार ने आवेन लिए थे। जिसमें से तीन आवेदन जमा हुए, निर्धारित समय में जमा नहीं हुआ। मदनलाल कच्छावा व अमृतलाल सोलंकी ने अपने आवेदन वापस लेन लिए। निर्वाच अधिकारी मूलचंद परिहार ने भगवानसिह परिहार के निर्विरोध समाज के अध्यक्ष चुने जाने की घोषणा की।

अस अवसर पर सहायक निर्वाचन अधिकारी देवीलाल पंवार, प्रकाश परिहार, जेठाराम परिहार, गुमाना राम कच्छावा ने प्रमाण पत्र देकर पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस दौरान मगाराम परिहार, चैनाराम परिहार, मुल्तानाराम सोलंकी, ठाकुरदास भाटी, गोविंदा राम, चूना राम परिहार, हुकमाराम सोलंकी, मूलजी, नाथूराम कच्छावा, ओम जैसलमेर, खंगार दरियानाथ बावडी, लालाराम सोलंकी, दामोदरदास, भगवानदास, दीनदयाल, चुन्नीलाल पंवार, गिरधारीलाल पंवर, आसाराम, सगताराम परिहार, कुशलाराम परिहार, राधाकिशन कच्छावा, कल्याण राम, राणाराम सोलंकी सहि अन्य उपस्थित थे। चुनाव संपन्न होने के बाद नवनिर्वाचित अध्यक्ष भगवानसिंह परिहारने कहा कि समाज की उत्तरोत्तर प्रगति क लिए सतत प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि वे आरएसएस से जुड़े कार्यकर्ता है तथा इसी तर्ज पर समाज के विकास के लिए लगातार प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने समाज के एकजुट होकर सभी कार्यो में बढ़चढ़ कर सहयोग दने की अपील की। जिसके पश्चात् उपस्थित जनसमूह ने भगवानसिंह को फूल मालाओं से लाद दिया। इस दौरान महात्मा ज्योतिबा फूले समिति के अध्यक्ष मेघराज परिहार तथा महामंत्री चुन्नीलाल पंवार भी उपस्थित थे।



### श्री भीकसिंह गहलोत बनें पेंशनर समाज के अध्यक्ष


जोधपुर। राजस्थान पेंशनर समाज पावटा उपशाखा वार्षिक सम्मेलन की साधारण मिटिंग में चुनाव अधिकारी श्री नंदकिशोर जोशी द्वारा सम्पन्न कराये गये चुनाव में अध्यक्ष पद के चुनाव में इंजीनियर श्री भीकसिंह गहलोत को पावटा उपशाखा का सर्वसहमति से आगामी सत्र के लिए अध्यक्ष घोषित किया गया। जिलाध्यक्ष श्री रमेश देवड़ा ने बताया कि पावटा उपशाखा जोधपुर की सबसे बड़ी शाखा है प्रतिमाह अनेक सरकारी कर्मचारी सेवानिवृत होते है। जोधपुर की सभी उपशाखाओं की कार्यकारिणी के सदस्यों को अभियान चलाकर प्रतिवर्ष एक हजार सदस्य बनाने का लक्ष्य निर्धारित करना होगा। दिनांक 9 फरवरी 2014 के वार्षिक सम्मेलन में उप शाखा के 75 वर्षीय 20 वरिष्ठ पेंशनरों को माला, शॉल, मोमेन्टो व स्मारिका और सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया एवं जिले की उपशाखाओं के अध्यक्षों का भी सम्मान किया गया। अतिथियों को शॉल साफा व मोमेन्टों देकर सम्मानित किया गया। श्री भीकसिंह गहलोत ने अपनी कार्यकारिणी का गठन करते हुए श्री आनंद सिंह गहलोत को सचिव, श्री मानसिंह गहलोत को अति. सचिव, श्री रामसिंह सोंलकी को प्रचार मंत्री, श्री सवाई सिंह गहलोत का संगठन मंत्री, श्री सोहनसिंह गहलोत को अति. प्रचार मंत्री, श्री ज्ञानेश्वर गहलोत को संगठन मंत्री नियुक्त किया।

कार्यक्रम का संचालन सचिव श्री मानसिंह गहलोत ने किया।


**प्रमोद गहलोत**
**शेरसिंह गहलोत**

(M) 9414766560
876999111

# गहलोत एजेन्सीज




हमारे यहां पर सभी प्रकार के गैस के चुल्हे, भट्टियां, पेट्रोमेक्स, लेम्प व स्टोव लाईटर, गैस गीजर, चिमनी, कुकर, मिक्सी, इलेक्ट्रीक एवं किचन संबधित आईटम व इनके पार्ट्स होलसेल रेट में बेचे व रिपेयर किये जाते है।




दुकान नं. 35- 36 ई, काम्पलेक्स, चॉदसा तकिया मार्केट, सोजती गेट, जोधपुर

INALSA Home Appliances · BAJAJ Electric · Surya flame · Sunflame · PKL




# पहली बार भाजपाई सभापति

## सभापति उपचुनाव में जीती राजेश्वरी सैनी

### सभापति उपचुनाव में जीती राजेश्वरी सैनी

सीकर। नगर परिषद सभापति की सीट 'हाथ- से निकल गई उपचुनाव में भाजपा की राजेश्वरी सैनी ने कांग्रेस की खतीजा बानों को 3604 वोटो से शिकस्त देकर इस सीट पर पहली बार 'कमल' खिला दिया है। तीसरे नंबर पर माकपा की सहीदन रही। राजेश्वरी सैनी को सभापति के पिछले चुनाव में हार झेलनी पड़ी थी।

विधानसभा चुनाव में मिली पराजय के बाद कांग्रेस के लिए इस चुनाव का परिणाम बड़ा झटका है। क्योंकि अल्पसंख्यक बाहुल्य इस सीट पर कांग्रेस को ऐसे परिणाम की उम्मीद कम ही थी। दूसरी ओर भाजपा ने विधानसभा चुनाव की जीत को लहर को बरकरार रखते हुए लोकसभा के लिए ताल ठोक दी है। चुनाव परिणाम के बाद पार्टी नेताओं ने सभापति राजेश्वरी सैनी से लोकसभा चुनाव कार्यालय का उद्घाटन भी करा दिया है।

विजयी उम्मीदवार की घोषणा के बाद एडीएम एवं रिटर्निंग अधिकारी कुंजमोहन शर्मा ने राजेश्वरी सैनी को सभापति पद की शपथ दिलाई। इस मौके पर कलेक्टर एसएस सोहता, एसपी हैदर अली जैदी, आयुक्त राजेद जोशी आद मोजूद थे। राजेश्वरी देवी को जीत की बधाई देने वालों का तांता दिनभर लगा रहा। श्रीमती सैनी भाजपा के वरिष्ठ नेता श्री मदनलाल सैनी की पुत्रवधु है।



टिकट के लिए अलग अलग बैठके करने वाले भाजपा के प्रमुख नेता जीत के जश्न में एक साथ नजर आये उनमें जीत का श्रेय लेने की हौड़ मची थी

### नई सभापति से शहर को हैं ये चार बड़ी उम्मीदें...

- शहर में बंद पड़े सीवरेज प्रोजेक्ट को फिर शुरू कराना। क्योंकि करीब 1 साल से इसका काम बंद है। अरयूआईडीपी ने अब यह प्रोजेक्ट नगर परिषद के ही हवाले कर दिया है।
- निचले इलाकों में पानी निकासी का प्रबंध करना। रायाकिशनपुरा, मोचीवाड़ा, बकरा मंडी, डिपो क्षेत्र सहित कई इलाको में बारिश में जलभराव होता है। पहले योजना बनी लेकिन काम नहीं हुआ।
- बाहरी वार्डो में सड़क, नाली, रोशनी व्यवस्था। अब तक कई इलाकों में विकास हुआ ही नहीं है। गलियां कच्ची है तो हर तरफ गंदगी फैली रहती हैं। स्ट्रीट लाइट तक टीक नहीं पा रही हैं।
- सफाई व्यवस्था के लिए सॉलिड वेस्ट ट्रीटमेंट प्लॉट शुरू कराना। शहर में हर तरफ गंदगी फैली है। इस प्लॉट का ढाई साल पहले राजेन्द्र पारीक ने पत्थर रख दिया लेकिन ग्रामीणों का विरोध है।

### ...और राजेश्वरी के सामने ये चुनौती

नो महीने के कार्यकाल में लोकसभा चुनाव व फिर निकाय चुनाव की आचार संहिता की वजह से काम करने के लिए केवल 5 महीने मिलेगे।ऐसे में नए काम कराने के लिए प्रयास जल्द करने होगे। प्रदेश में भाजपा सरकार है, इसलिए यह भी दबाव रहेगा कि शहर में काम ज्यादा हो। बोर्ड में भाजपा के मात्र 13 पार्षद है और ऐसे में प्रस्ताव पास कराना भी आसान नहीं होगा। परिषद के सिस्टम को सुधारना होगा। क्योंकि कुछ दिनों पहले ही आयुक्त खुद भी इसे लेकर सवाल उठा चुके है।









| किसे कितनी वोट मिले | राजेश्वरी सैनी (भाजपा) | खतीजा बानो (कांग्रेस) | सहीदीन (माकपा) |
|---|---|---|---|
| | 37,071 | 33,467 | 1,772 |

# रणवां व महरिया के समर्थन में की नारेबाजी

पूर्व समाज संसद सुभाष महरिया तापड़िया बगीची से और पार्टी के जिलाध्यक्ष हरियम रपटा जाटिया बाजार से जुलूस में शामिल हुए। चुनाव कार्यलय के उद्घाटन के दौरान दोनों नेताओं के समर्थकों ने उनके जिंदाबाद के नारे शुरू कर दिए। जुलूस में विधायक रतन जलधारी, पवन मोदी, महेश शर्मा, बाबूलाल शर्मा, इंदिरा चौधरी, प्रकाश दाधीच, कमल सिक्ष्वाल भी शामिल थे।

## किस बूथ पर किस पार्टी को मिले कितने वोट

| राउंड | कांग्रेस | भाजपा | माकपा | बूथ नं. |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 4522 | 2528 | 241 | 1 से 15 |
| 2. | 3159 | 3374 | 202 | 18 से 30 |
| 3. | 4645 | 1211 | 192 | 31 से 45 |
| 4. | 2577 | 4314 | 88 | 48 से 80 |
| 5. | 2953 | 4534 | 82 | 61 से 75 |
| 6. | 2366 | 5314 | 181 | 76 से 90 |
| 7. | 4808 | 2254 | 310 | 91 से 105 |
| 8. | 2321 | 5714 | 235 | 106 से 120 |
| 9. | 1653 | 5805 | 91 | 121 से 135 |
| 10. | 3980 | 1980 | 158 | 138 से 150 |
| 11. | 603 | 43 | 16 | 151 |

जनता के विश्वास पर खरा उतरूंगी। समय कम मिला है। लेकिन शहर में सीवरेज का काम शुरू कराने के साथ अन्य समस्याओं का समाधान कराना प्राथमिकता रहेगी।

– राजेश्वर सैनी

## ये नहीं दिला सके बढ़त

- कांग्रेस नेता नारायण सिह, रीटा सिंह व मिल कुलहरि के वार्ड में खतीज को 520 और राजेश्वरी के 1083 वोट मिले।
- पूर्व मंत्री राजेन्द्र पारीक के वार्ड नंबर-18 में कांग्रेस को 346 और भाजपा को 1355 वोट मिले।
- कांग्रेस जिलाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के वार्ड नंबर-41 में कांगेस के 298 और भाजपा को 1349 वोट मिले।
- माकपा के अमराराम के वार्ड में पार्टी प्रत्याक्षी को 74 व भाजपा को 1350 वोट मिले।
- माकपा के कयूम कुरैशी के वार्ड में माकपा के मात्र 14 वोट ही मिले। भाजपा को 1857 वोट हासिल हुए।

# मुंबई में माली समाज का महासम्मेलन 30 मार्च, 2014 को

मुंबई। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी माली सैनी समाज का महासम्मेलन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह 30 मार्च, 2014 को समाज के परेल स्थित भवन के सामने सेन्ट्रल रेलवे ग्राउण्ड परेल ईस्ट पर आयोजित किया जाएगा।

समारोह के बारे में जानकारी देते हुए माली समाज मुंबई के अध्यक्ष माली श्री उम्मेदमल परिहार ने बताया कि राजस्थान माली शिक्षा प्रचार महासभा के तत्वावधान में आयोजित होने वाले कार्यक्रम के मुख्य अतिथी श्री अशोक गहलोत पूर्व मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार, श्री छगन भुजबल, सार्वजनिक निर्माण विभाग मंत्री महाराष्ट्र सरकार होगें। कार्यक्रम के उद्घाटनकर्ता राजस्थान सरकार के कृी एवं पशुपालन मंत्री श्री प्रभुलाल सैनी, पूर्व मंत्री श्री राजेन्द्र गहलोत, पूर्व विधायक श्री भगवान सहाय सैनी होगें। विशिष्ठ अतिथि भरतपुर संभागीय आयुक्त श्री ओ. पी. सैनी, समाजसेवी श्री रघुभाई देवड़ा, श्री मोती बाबा फूले राष्ट्रीय अध्यक्ष, जागृति मंच, आयकर कमिश्नर श्री एम. एन. मौर्या होगें। कार्यक्रम में समाज के मुंबई भवन के निर्माण, विद्यार्थियों हेतु छात्रावास के अलावा शिक्षा एवं समाज में व्याप्त कुरीतियों, समाज में शिक्षा के प्रचार प्रसार के बारे में विस्तृत चर्चा की जायेगी। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा सास्कृति प्रस्तुतियां भी की जायेगी। समारोह में मुंबई के अलावा देश के अन्य प्रदेशों से सैकड़ों समाजसेवी एवं समाज बंधु उपस्थिति होगे।

**सैनी समाज के पहले लॉ कॉलेज की सांसाद ने रखी नींव**

# शिक्षा विकास की धुरी

## सांसद ने सैनी शिक्षण संस्थान के परिसर में आयोजित कार्यक्रम में 51 लाख रूपये देने की घोषणा की

रोहतक। सांसद श्री दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने रविवार को सैनी समाज के प्रथम कॉलेज की नींव रखी। सैनी शिक्षण संस्थान के परिसर में आयोजित समारोह में सांसद ने 51 लाख रूपये देने का ऐलान भी किया। शिलान्यास समारोह में सांसद हुड्डा ने कहा कि हर क्षेत्र से संबंधित शिक्षण संस्थानों की स्थापना हो ताकि छात्र छात्राएं अपनी रूचि के मुताबिक शिक्षा प्राप्त करके रोजगार पा सकें। उन्होंने कहा शिक्षा ही विकास की असली धुरी है।

विधायक श्री भारत भूषण बत्रा ने कहा की सोसायटी के युवा पदाधिकारियो ने इस संस्था की नया आयाम दिया है। संस्था प्रधान श्री विजय सैनी ने कहा कि संस्थान में महात्मा ज्योति बा फुले विधि एवं शोध सैनी शिक्षापीठ का शिलान्यास होने के बाद अब इसका निर्माण कार्य भी जल्द शुरू कर दिया जाएगा। उन्होंने सैनी समाज के गणमान्य लोगों को प्रशस्ति पत्र देकर भी सम्मानित किया। इससे पहले सैनी एजुकेशन सोसायटी के प्रधान श्री विजय सैनी ने सोसायटी की गतिविधियों पर प्रकाश डाला। मंच संचालना डॉ. आनंद शर्मा ने किया।



सांसद दिपेन्द्र सिंह हुड्डा समारोह में समाज की प्रतिभा को सम्मानित करते हुए

इस अवसर पर पूर्व मंत्री कृष्णमूर्ति हुड्डा, पूर्व विधायक डॉ. वीरेंद्र पाल, श्री बिल्लू हुड्डा, श्री यशपाल पंवार, श्री अजय सिंघानिया, एसडीएम डॉ. मुनीश नागपाल, श्री प्रवीन सैनी, श्री रविंद्र सैनी, श्री सतपाल सैनी, कोषाध्यक्ष श्री रोहताश आर्य, श्री सुरेश सैनी, श्री कृष्ण सैनी, प्रिंसिपल श्री ओपी चौधरी, श्री धर्मवीर सैनी, संगीता अरोड़ा, भारत भूषण अरोड़ा, सतीश बंधु व सुरेन्द्र पंवार सहित समाज के बड़ी संख्या में समाजबंधु उपस्थित थे। सभी ने इस कार्य में सहयोग करने की बात कही।

## पावटा सब्जी मण्डी जोधपुर के नवनिर्वाचित पदाधिकारी



**नरेन्द्रसिंह परिहार**
अध्यक्ष



**किशनसिंह गहलोत**
उपाध्यक्ष



**रमेश गहलोत**
महासचिव



**मनोहरसिंह सोलंकी**
सचिव



**ओमप्रकाश सांखला**
कोषाध्यक्ष

**को माली सैनी सन्देश की ओर से हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं**

# स्टेपलर पिन का यूनीक टाईटेनिक मॉडल

## यूनीक डिजाईन के रूप में लिम्बा बुक ऑफ रिकार्ड में दर्ज

जोधपुर। रावण का चबूतरा में आयोजित 24वें हस्तशिल्प मेले में पावटा के निखिल गहलोत की ओर से बनाई गई स्टेपलर पीन की टाइटेनिक जहाज का मोडल प्रदर्शन के लिए लगाया गया। स्टेलपर पिन व फेविकोल से बनी इस 6 फुट लम्बी जहाज को लिम्का बुक ऑफ रिकार्ड में यूनिक डिजाईन के रूप में दर्ज किया गया। निखिल ने इस मोडल में 2 लाख 70 हजर स्टेपलर पिन का उपयोग किया। इसे बनाने में निखिल ने 17 दिन व चार हजार रूपये खर्च किये । इसके पहले इन्होंने आईसक्रीम स्टिक व स्ट्रॉ से ब्रिज मॉडल व इरेजर से टाईटेनिक मॉडल बनाया था। जिसे विभिन्न किार्ड दर्ज करने वाली बुक्स में बतौर रिकार्ड दर्ज किया गया है। बीटेक स्टूडेन्ट निखिल पढाई पूरी कर अपने पिता की तरह सिविल इंजीनियर बनाना चाहते है। निखिल ने बताया कि इन्हें क्रियेटिव काम करने का शौक है इसलिए ऐसे मॉडल हमेशा बनाते रहते है।







## मूर्ति चुराने के आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग

बालोतरा। माली समाज बालोतरा के पदाधिकारियों व वरिष्ठ लोगों ने तीन दिन पूर्व पोकरण कस्बे में स्थित स्थाईनाथ जी के आश्रम से संत शिरोमणी लिखमीदासजी की मूर्तियों को चुराने वाले आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने की मांग की है। समाज के प्रबुद्धजनों ने अपना विरोध जताते हुए बताया कि माली समाज के अराध्य देव संत शिरोमणी लिखमीदासजी महाराज की प्रतिमा व स्थाईनाथ महाराज की प्रतिमा को मंगलवार को देर रात पोकरण कस्बे में स्थित स्थाईनाथ आश्रम से अज्ञात चोरो ने चुरा लिया,जिससे समाज में रोष व्याप्त है।

माली समाज के नगर परिषद सभापति महेश बी चौहान, भोमाराम पंवार,पारस पंवार,मोहनलाल गहलोत, राजेंद्र गहलोत,मानवेंद्र परिहार,हरिश माली,पार्षद नैनाराम सुंदेशा,पार्षद नेमीचंद माली,गोविंद गहलोत,अमराराम सुंदेशा,माली दर्शन प्रमुख भगाराम पंवार, आसुराम माली,भरत गहलोत,सहित समाज के लोगों ने प्रतिमाओं को चुराने वाले अज्ञात लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग करते हुए प्रतिमाएं बरामद करवाने की मांग की है।

## विभिन्न समाचार

# विरक्त दीक्षा संस्कार को लेकर निकली भव्य शोभायात्रा



बालोतरा। माली समाज न्याति बगेची उम्मेदपुरा स्थित बाबा रामदेव मंदिर में विराजित रामेश्वरजी ( रामजी ) के विरक्त दीक्षा संस्कार को लेकर गुरूवार को भव्य शोभायात्रा निकाली गई। वहीं शुक्रवार को महामण्डलेश्वर रामकिशोर आचार्य महाराज गुडामालानी द्वारा विरक्त दीक्षा संस्कार सम्पन्न करवाई जाएगी। श्री अयोध्या परम्परागत श्री वैष्णव परमपु%य भगवान दास जी महाराज बिन्दु गादीपति तिरसीगडी की परम्परा में बालोतरा चौच मंदिरस्थ परमपु%य हरिदास जी महाराज से मंत्र दीक्षा प्राप्त कर रामेश्वर रामजी का विधिवत मरूधर पीठाधीशसर महामंण्डलेश्वर रामकिशोरजी आचार्य महाराज गुडामालाणी द्वारा विरक्त दीक्षा संस्कार सम्पन्न करवाया जायेगा। इस आयोजन को लेकर गुरूवार को उम्मेदपुरा स्थित माली समाज न्याति बगेची से भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। शोभायात्रा माली समाज भवन से रवाना होकर हनुमंत भवन, पुराना बस स्टेण्ड, गौर का चौक, मुख्य बाजार होते हुए पुनः माली समाज भवन आकर विसर्जित हुई। शोभायात्रा में ढोल थाली की गुंज के साथ नाचते गाते बैण्ड द्वारा सु मधुर भजनों प्रस्तुति के साथ रथ में हनुमान बगेची गादीपति नृसिंहदास महाराज समदडी, महामण्डलेश्वर राघवदास महाराज, महंत सीयावरदास जागसा, महंत सुखराम दास, वैरागी बाबुदास महाराज के साथ विरक्त दीक्षा संस्कार प्राप्त करने वाले रामेश्वर ( रामजी ) विराजित थे। शोभायात्रा का जगह- जगह पुष्प वर्षा के साथ तोरणद्वार लगाकर स्वागत किया गया। दीक्षा समारोह का आयोजन शुक्रवार प्रातः नौ बजे से दोपहर बारह बजे तक होगा। इस आयोजन में माली समाज के अनेक बंधु जुटे हुए है।

# नगर परिषद सभापति चौहान ने की रेल सुविधाएं बढ़ाने की मांग महाप्रबंधक को लिखा पत्र

बालोतरा। नगर परिषद सभापति महेश बी चौहान ने उत्तर पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक को पत्र भेजकर शहर के भीतरी भागों में रेलवे लाईन के दोनों तरफ खाली पड़ी जमीन के उपयोग में लेकर विकास करवाने की मांग की है। चौहान ने भेजे पत्र में बताया कि औद्योगिक नगरी बालोतरा के विकास व जैन तीर्थ नाकोड़ा,ब्रह्मधाम आसोतरा,राणी भटियाणी मंदिर जसोल,प्राचीन खेड़ मंदिर,बिठूजा इन पंच तीर्थो में प्रतिमाह दर्शनार्थ सैकड़ो श्र)ालु देश के काने-कोने से आते है इसलिए उन यात्रियों को जोधपुर से गाड़ी बदलनी पड़ती है और उन्हे भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। चौहान पत्र में बताया कि बालोतरा शहर एक औद्योगिक हब भी है और यहा कपड़े की खरीददारी के लिए व्यापारी देश के हर क्षेत्रों से आते है,ऐसे में रेलवे स्टेशन पर ट्रैनों के फरे बढ़ाने,नई ट्रैने चालू करने व सुविधाओं के विस्तार की मांग जोर देकर की है। चौहान ने महाप्रबंधक से जोधपुर स्टेशन पर रूकने वाली सभी एक्सप्रेस ट्रैनों को बाड़मेर तक बढ़ाने की विशेष मांग की। उन्होंने शहर के भीतरी इलाकों में रेलवे की खाली जमीन पड़ी है और इसका उपयोग नहीं हो रहा है यहा पर सिर्फ कचरा डाला जा रहा है। चौहान प्रथम रेलवे फाटक के समीप खाली पड़ी लंबी चौड़ी जमीन पर रोड़वेज बसों के ठहराव की इजाजत देने की मांग करते हुए कहा कि उन्होंने शहर के समदड़ी रोड़ स्थित स्टेशन के पास खाली पड़ी जमीन पर वर्षो से गंदा पानी भरा रहने के कारण उसमें मच्छरों की भरमार रहती है,उस जगह पर रेलवे स्वयं योजना बनाकर निर्माण कार्य करें बगीचा व सार्वजनिक भवन आदि बनाए अन्यथा उन्होंने कहा कि नगर परिषद ये कार्य करवाने को तैयार है रेलवे को जब आवश्यकता पड़ेगी तो हम वापस उनको सुपुर्द कर देंगे। उन्होंने रेलवे पुलिया के समीप थोड़ी जमीन को आंवटित कर पुलियें की चौड़ाई भी बढ़ाने की मांग की है।

# माली सैनी सन्देश के आजीवन सदस्य सूची

श्री रामचंद्र गोविंदराम सोलंकी, जोधपुर
श्री नरेश स्व. श्री बलदेवसिंह गहलोत,जोधपुर
श्री प्रभाकर(पूर्वअध्यक्ष नगर पालिका), पीपाड़
श्री बाबूलाल(पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका), पीपाड़
श्री बंशीलाल मरोठिया, पीपाड़
श्री बाबूलाल पुत्र श्री दयाराम गहलोत, जोधपुर
श्री सोहनलाल पुत्र श्री हापुराम देवड़ा, मथानियां
श्री अमृतलाल पुत्र श्री ब्रह्मसिंह परिहार, जोधपुर
श्री भोमाराम पंवार(पूर्व उपाध्यक्ष, नगरपालिका, बालोतरा
श्री रमेशकुमार पुत्र श्री शंकरलाल गहलोत, बालोतरा
श्री लक्ष्मीचंद पुत्र श्री मोहनलाल सुंदेशा, बालोतरा
श्री वासूदेव पुत्र श्री बाबूलाल गहलोत, बालोतरा
श्री मेहश पुत्र श्री भगवानदास चौहान, बालोतरा
श्री हेमाराम पुत्र श्री रूपाराम पंवार, बालोतरा
श्री छगनलाल पुत्र श्री मिश्रीलाल गहलोत, बालोतरा
श्री सोनाराम पुत्र श्री देवाराम सुंदेशा, बालोतरा
श्री सुजाराम पुत्र श्री पुनम सुंदेशा, बालोतरा
श्री नरेन्द्रकुमार पुत्र श्री अणदाराम पंवार, बालोतरा
श्री शंकरलाल पुत्र श्री मिश्रीमल परिहार, बालोतरा
श्री घेवरचंद पुत्र श्री भोमजी पंवार, बालोतरा
श्री रामकरण पुत्र श्री किशनाराम माली, बालोतरा
श्री रतन पुत्र श्री देवजी परिहार, बालोतरा
श्री कैलाश काबली(अध्यक्ष माली समाज), पाली
श्री घीसाराम देवड़ा(मंडल महामंत्री, भाजपा), भोपालगढ़
श्री शेषाराम पुत्र श्री श्यामलाल टाक, पीपाड़
श्री बाबूलाल माली, (पूर्व सरपंच, महिलावास) सिवाणा
श्री रमेशकुमार सांखला, सिवाणा
श्री श्रवणलाल कच्छवाहा, लवेरा बावड़ी
संत श्री हजारीलाल गहलोत, जैतारण
श्री मदनलाल गहलोत, जैतारण
श्री राजूराम सोलंकी, जालोर
श्री जितेन्द्र जालोरी, जालोर
श्री देविन लच्छाजी परिहार, डीसा
श्री हितेशभाई मोहनभाई पंवार, डीसा
श्री प्रकाश भाई नाथालाल सोलंकी, डीसा
श्री मगनलाल गीगाजी पंवार, डीसा
श्री कांतिभाई गलबाराम सुंदेशा, डीसा
श्री नवीनचंद दलाजी गहलोत, डीसा
श्री शिवाजी सोनाजी परमार, डीसा
श्री पोपटलाल चमनाजी कच्छवाहा, डीसा
श्री भोगीलाल डायाभाई परिहार, डीसा
श्री मुकेश ईश्वरलाल देवड़ा, डीसा
श्री सुखदेव वक्ताजी गहलोत, डीसा
श्री दरगाजी अमराजी सोलंकी, डीसा

श्री भरतकुमार परखाजी सोलंकी, डीसा
श्री जगदीश कुमार रमाजी सोलंकी, डीसा
श्री किशोरकमुार सांखला, डीसा
श्री बाबूलाल गीगाजी टाक, डीसा
श्री देवचंद, रगाजी कच्छवाहा, डीसा
श्री सतीशकुमार लक्ष्मीचंद सांखला, डीसा
श्री गणपतलाल नारायण सोलंकी, डीसा
श्री रमेशकुमार भूराजी परमार, डीसा
श्री वीराजी चेलाजी कच्छवाहा, डीसा
श्री सोमाजी रूपाजी कच्छवाहा, डीसा
श्री शंकरलाल नारायणजी सोलंकी, डीसा
श्री फुलाजी परखाजी सोलंकी, डीसा
श्री अशोककुमार पुनमाजी सुंदेशा, डीसा
श्री देवाराम पुत्र श्री मांगीलाल परिहार, जोधपुर
श्री संपतसिंह पुत्र श्री बींजाराम गहलोत, जोधपुर
श्री भगवानराम पुत्र श्री अचलुराम गहलोत, जोधपुर
श्री जितेन्द पुत्र श्री प्रेमसिंह कच्छाहा, जोधपुर
श्री सीताराम पुत्र श्री रावतमल सैनी, सरदारशहर
श्री जीवनसिंह पुत्र श्री शिवराज सोलंकी, जोधपुर
श्री घेवरजी पुत्र श्री भोमजी, सर्वोदय सोसायटी, जोधपुर
श्री जयनाराण गहलोत, चौपासनी चारणान, मथानियां
श्री अशोककुमार पुत्र श्री लक्ष्मीनारायण सोलंकी, जोधपुर
श्री मोहनलाल पुत्र श्री पुरखाराम परिहार, चौखा, जोधपुर
श्री प्रेमकिशन पुत्र श्री भंवरलाल सोलंकी, चौखा
श्री हरीसिंह पुत्र श्री चुन्नीलाल गहलोत, जैसलमेर
श्री विजय परमार, तुषार मोटर्स एण्ड कंपनी, भीनमाल
श्री भंवरलाल पुत्र श्री किस्तुर सोलंकी, भीनमाल
श्री शिवलाल परमार, भीनमाल
श्री ओमप्रकाश परिहार, राजस्थान फार्मेसिया, जोधपुर
श्री प्रेमप्रकाश सैनी, मिलन रेस्टोरेण्ट, सीकर
श्री लक्ष्मीकांत पुत्र श्री रामलाल भाटी, सोजतरोड़
श्री रामअकेला, पुत्र श्री गोकुलराम सैनी, पीपाड़ शहर
श्री नरेश देवड़ा, देवड़ा मोटर्स, जोधपुर
श्री प्रेमसिंह सांखला, सांखला सिमेंट, जोधपुर
श्री कस्तुरराम पुत्र श्री हिमाजी सोलंकी, भीनमल
श्री सांवरराम परमार, भीनमाल
श्री भारताराम परमार, भीनमाल
श्री विजय पुत्र श्री गुमानराम परमार, भीनमाल
श्री डी. डी. पुत्र श्री भंवरलाल भाटी, जोधपुर
श्री ब्रजमोहन पुत्र स्व. श्री रामस्वरूप परिहार, जोधपुर
श्री प्रेमसिंह पुत्र श्री किशोरलाल परिहार, जोधपुर
श्री जयसिंह पुत्र श्री ओमदत्त गहलोत, जोधपुर
श्री मनोहरलाल पुत्र श्री मदनलाल गहलोत, जोधपुर
श्री समुन्द्रसिंह पुत्र श्री नारायणसिंह परिहार, जोधपुर

श्री हिम्मतसिंह पुत्र श्री हरीसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री हनुमानसिंह पुत्र श्री बालूराम सैनी, आदमपुरा
श्री अशोक सांखला, पीपाड़
श्री अशोक पुत्र श्री सोहन सांखला, जोधपुर
श्री नटवरलाल माली, जैसलमेर
श्री दिलीप तंवर, जोधपुर
श्री महेन्द्रसिंह पंवार, जोधपुर
श्री संपतसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री जगदीश सोलंकी, जोधपुर
श्री मुकेश सोलंकी, जोधपुर
श्री श्यामलाल गहलोत, जोधपुर
श्री अमित पंवार, जोधपुर
श्री राकेशकुमार सांखला, जोधपुर
श्री रविन्द्र गहलोत, जोधपुर
श्री रणजीतसिंह भाटी, जोधपुर
श्री तुलसीराम कच्छवाहा, जोधपुर
सैनी उच्च माध्यमिक विद्यालय, भोपालगढ़
माली श्री मोहनलाल परमार, बालोतरा
श्री अरविंद सोलंकी, जोधपुर
श्री सुनील गहलोत, जोधपुर
श्री कुंदनकुमार पंवार, जोधपुर
श्री मनीष गहलोत, जोधपुर
श्री योगेश भाटी, अजमेर
श्री रामनिवास कच्छवाहा, बिलाड़ा
श्री प्रकाशचंद सांखला, ब्यावर
श्री झूमरलाल गहलोत, जोधपुर
श्री गुमानसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री अशोक सोलंकी, जोधपुर
श्री महावीर सिंह भाटी, जोधपुर
श्री जयप्रकाश कच्छवाहा, जोधपुर
श्री अशोक टाक, जोधपुर
श्री नरेन्द्रसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री मदनलाल गहलोत, सालावास, जोधपुर
श्री नारायणसिंह कुशवाहा, मध्य प्रदेश
श्री भंवरलाल देवड़ा, बावड़ी, जोधपुर
श्री जवाराराम परमार, रतनपुरा (जालोर)
श्री रूड़ाराम परमार, सांचौर
श्री जगदीश सोलंकी, सांचौर
श्री कपूरचंद गहलोत, मुबंई
श्री टीकमचंद प्रभुराम परिहार, मथानिंया
श्री अरूण गहलोत, गहलोत क्लासेज, जोधपुर
श्री विमलेश नेनाराम गहलोत, मेड़तासिटी (नागौर)
श्री कैलाश ऊँकारराम कच्छवाहा, जोधपुर
माली (सैनी) सेवा संस्थान सब्जी मण्डी, पीपाड़

# माली सैनी सन्देश

## ही क्यों ?



**क्योंकि**

हमारे पास है सैकड़ों एन. आर. आई. सहित पांच हजार पाठकों का विशाल संसार

**क्योंकि**

हम बताते है सच्चाई तथा सामाजिक गतिविधियों की संपूर्ण जानकारी जो कि समाज में हो रही है।

## हमें विज्ञापन दीजिये

क्योंकि

हमारी क्रियेटिव टीम के साथ यह सजाती है आपके ब्रांड को पूरे देश ही नहीं विदेश में भी।

### RATES

Advertisements

COLOR (Full Page)

| | |
|---|---|
| Back Cover | 6,000/- |
| Inside Cover | 4,000/- |
| Color Page | 2,500/- |

BLACK

| | |
|---|---|
| Full Page | 2,500/- |
| Half Page | 1,500/- |
| Quarter Page | 1,000/- |

write us : P. O. Box 09, Jodhpur

Cell : 94144 75464, 92140 75464

log on : www.malisainisandesh.com

e-mail : malisainisandesh@gmail.com

e-mail : editor@malisaini.org

**क्योंकि सच्चा सफर कभी समाप्त नहीं होता . . .**

कार्यालय : 3, जवरी भवन, भैरूबाग मंदिर के सामने, महावीर काम्पलेक्स के पीछे, सरदारपुरा, जोधपुर

# भीनमाल में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह की झलकियां












RAJHIN 16445/20/1/2013-TC

सादर आमंत्रण

माली सैनी समाज का

# महासम्मेलन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह

रविवार दिनांक 30 मार्च, 2014

स्थान : सेन्ट्रल रेलवे ग्राउण्ड परेल ईस्ट मुम्बई

में आप सभी सादर आमन्त्रित है।

मुख्य अतिथि

**माननीय श्री अशोक गहलोत**
पूर्व मुख्यमंत्री राजस्थान

**माननीय श्री छगन भुजबल**
सार्वजनिक निर्माण विभाग मंत्री महाराष्ट्र

उद्‌घाटनकर्ता

**श्री प्रभुलाल सैनी**
कृषि एवं पशुपालन मंत्री राजस्थान

**श्री राजेन्द्र गहलोत**
पूर्व मंत्री राजस्थान सरकार

विशिष्ट अतिथि

श्री ओ. पी. सैनी (संभागीय आयुक्त भरतपुर )
श्री मोती बाबा फूले (राष्ट्रीय अध्यक्ष जागृति मंच)
श्री एम. एन. मौर्या (आयकर कमिश्नर) एवं श्री रघुभाई देवड़ा (समाजसेवी)

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं संपादक मनीष गहलोत के लिए
मुद्रक यशवंत भण्डारी द्वारा भण्डारी ऑफसेट, न्यू पॉवर हाऊस सेक्टर 7,
जोधपुर से मुद्रित एवं माली सैनी संदेश कार्यालय
सोजती गेट के अंदर, जोधपुर से प्रकाशित।
फोन : 9414475464 ई-मेल : malisainisandesh@gmail.com

पत्र व्यवहार के लिए पता
P.O. Box No. 09, JODHPUR



log on : www.malisainisandesh.com; www.malisaini.org